केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

(पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय)

परिवेश भवन, पूर्वी अर्जुन नगर,

दिल्ली - 110032

सं.सी-27013/01/2016-हिन्दी 2428 दिनांक: 22.03.2019

कार्यालय ज्ञापन

विषय: विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, केन्द्रीय बोर्ड की 88वीं बैठक का आयोजन।

उपर्युक्त विषय पर यह सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 88वीं बैठक अध्यक्ष महोदय, केन्द्रीय बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 26.03.2019 (मंगलवार) को दोपहर 12.00 बजे परिवेश भवन के सम्मेलन कक्ष (द्वितीय तल) में होनी निश्चित हुई है। बैठक की कार्यसूची इस ज्ञापन के पीछे दी गई है। कार्यसूची में सम्मिलित मदों पर संक्षिप्त टिप्पणी बैठक के समय प्रस्तुत की जाएगी।

इस संदर्भ में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि कृपया बैठक में यथासमय उपस्थित होने का कष्ट करें। यदि समिति का कोई सदस्य किसी कारण कार्यालय में उपस्थित नहीं है, तो वह संबंधित प्रभाग से अपने प्रतिनिधि की उपस्थिति बैठक में सुनिश्चित करें।

22/03/19

(शीतल प्रसाद)

प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.)

सेवा में,

....

प्रतिलिपि: सूचनार्थ

1. उप-निदेशक (राजभाषा), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग़ रोड, नई दिल्ली-110003
2. उप-निदेशक (कार्या.), केन्द्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, ए-149, सरोजनी नगर, नई दिल्ली - 110023
3. महामंत्री, केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद, एक्स.वाई. 68, सरोजनी नगर, नई दिल्ली-110023
4. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड के निजी सचिव
5. सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड के निजी सचिव
6. प्रभारी, जनसंपर्क प्रभाग - कृपया उक्त तिथि को बैठक हेतु सम्मेलन कक्ष (द्वितीय तल) का आरक्षण तथा 35 अधिकारियों के जलपान की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
7. प्रभारी, आई.टी प्रभाग - कृपया इसे केन्द्रीय बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए।

22/03/19

(शीतल प्रसाद)

प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.)

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति केन्द्रीय बोर्ड की 88वीं बैठक की कार्यसूची

कार्यसूची की मदें

1. पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।
2. पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई।
3. 31 दिसंबर, 2018 को समाप्त तिमाही प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा।
4. गत बैठक में स्वीकृत गृह पत्रिका के प्रकाशन की स्थिति के संबंध में चर्चा।
5. कार्यालय प्रयोग हेतु तकनीकी शब्दावली की स्थिति के संबंध में चर्चा।
6. सहायक निदेशक (रा.भा.) के पद पर नियुक्ति के संबंध में चर्चा।
7. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय

****